हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 312 देहरादून, मंगलवार, 11 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



14 प्रयास के बाद मिली सफलता
विनय भंडारी बने सेना में लेफ्टिनेंट 3

# उत्तराखंड : मानसून आने तक फिर सताएगी गर्मी, 20 जून के बाद झमाझम बारिश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 11 जून : आने वाले कुछ दिनों तक अभी मैदान से लेकर पहाड़ तक बारिश की कोई सम्भावना नहीं है। मैदानी जनपदों में आगामी दिनों में गर्मी का कहर कुछ इसी तरह से रहने वाला है। मानसून उत्तराखंड में 20 से 25 जून तक दस्तक दे सकता है।

उत्तराखंड में इन दिनों फिर से मौसम शुष्क है और पहाड़ों से मैदानों तक चटख धूप खिली हुई है। देहरादून सहित अधिकतर मैदानी क्षेत्रों में सूरज की तपिश बढ़ गई है। तापमान बढ़ने के साथ ही पारा भी लगातार चढ़ता जा रहा है। राजधानी देहरादून में तापमान फिर से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है। इसके अलावा कई क्षेत्रों में गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में मौसम में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है। ऐसे में तापमान और बढ़ सकता है। दून वासियों को अगले कुछ दिनों तक गर्मी के तेवर एक बार फिर झेलने होंगे।

मौसम विभाग द्वारा जारी पांच दिनों के पूर्वानुमान के अनुसार उत्तराखंड के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में मौसम साफ रहने की संभावना है। मैदानी इलाकों में तापमान 30 से 40 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है, जबकि 20 से 25 जून के बीच प्रदेश में मानसून आने की उम्मीद जताई गई है। साथ ही चार धाम यात्रा के मार्ग पर भी मौसम साफ रहने की संभावना है। पर्वतीय जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है। इसके साथ ही, 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं।बदरीनाथ-केदारनाथ में बीती देर शाम हल्की बारिश हुई, जबकि ऊंची पहाड़ियों पर सीजन का पहला हिमपात हुआ है जिससे यहाँ अब ठण्ड बढ़ गई है।

देहरादून का अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि पंतनगर का अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस था। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



# मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग से सड़क दुर्घटनाओं के बाद हुए डेथ ऑडिट के फलस्वरूप उठाए गए सुधारात्मक कदमों की जानकारी मांगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने परिवहन विभाग से राज्य में सड़क दुर्घटनाओं के बाद हुए डेथ ऑडिट के फलस्वरूप उठाए गए सुधारात्मक कदमों की जानकारी मांगी है। इसके साथ ही उन्होंने पूरी तरह से फेसलेस चालान सिस्टम को लागू करने के निर्देश दिए है। राधा रतूडी ने सम्पूर्ण राज्य सीमा एवं सभी मुख्य मार्गों पर एएनपीआर कैमरों के साथ ही शहरों में ड्रोन कैमरों से ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग एवं चालान के निर्देश दिए हैं। सीएस ने शिक्षा विभाग को स्कूलों में सप्ताह में एक दिन बच्चों को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ट्रैफिक सिगनल को एएनपीआर तथा आरएलवीडी सिस्टम से अपग्रेड करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को सचिवालय में राज्य सड़क सुरक्षा कोष प्रबन्ध समिति की बैठक की अध्यक्षता के दौरान राज्य में सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने के दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठने वालों के लिए हेलमेट पहनने एव फॉर वीकल में सभी के लिए सीट बेल्ट के नियम को सख्ती से लागू करवाने के निर्देश दिए हैं।

रोड सेफ्टी की आज की महत्वपूर्ण बैठक में राज्य की ट्रैफिक व्यवस्था को हाईटेक एवं अपडेट करने के दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी 13 जिलों में ड्रोन सेवाओं की व्यवस्था, ट्रैफिक सिगनल को एएनपीआर तथा आरएलवीडी सिस्टम से इंटिग्रेट व अपडेट करने, हाई टेक मोटर बाईक, कैमरों के साथ राडार स्पीड साइन बोर्ड, डिजिटल स्पीड साइन बोर्ड व वेरिएबल मेसेज डिस्पले बोर्ड लगाने, ट्रैफिक पुलिस कर्मियों हेतु बॉडी वॉर्न कैमरा, एल्कोमीटर / ब्रीथ एनालाइजर, पोर्टेबल साउण्ड सिस्टम जैसे आधुनिकतम टेक्नोलाजी सिस्टम को लागू करने की वित्तीय एवं सैद्धान्तिक स्वीकृति दी है।

सीएस राधा रतूड़ी ने परिवहन एवं पुलिस विभाग को सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता हेतु अधिकाधिक सोशल मीडिया के माध्यम से जन जागरूकता को कार्य करने के निर्देश दिए है।

जीरो एक्सीडेंट राज्य के विजन के साथ कार्य करने की सख्त हिदायत देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूडी ने लोक निर्माण विभाग को वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु सुरक्षात्मक कार्यों के तहत क्रैश बैरियर लगाने, रोड डेलीनेटर व कैट आई, ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्य करने, पैरापिट एवं कॉशनरी साईन बोर्ड, रोड फर्नीचर रोड मार्किंग आदि कार्यों की वित्तीय एवं सैद्धान्तिक स्वीकृति दी।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने हिट एण्ड रन तथा गुड समेरिटन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए है। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के मार्गों पर वैज्ञानिक तरीके से गति सीमा के निर्धारण की कार्ययोजना पर तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं ।

बैठक में जानकारी दी गई कि पिछले वर्ष 67 गुड समेरिटन को 10 लाख की धनराशि आवंटित की गई है। वर्ष 2024-26 में गुड समेरिटन योजना हेतु 10 लाख की धनराशि प्रस्तावित है। विदित है कि गुड समेरिटन को प्रोत्साहित करने हेतु उत्तराखण्ड में मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एण्ड हाइवे की गुड समेरिटन स्कीम को विभागीय स्तर पर लागू किया गया है, जिसमें गुड समेरिटन को नगद ईनाम और प्रशंसा पत्र दिया जाता है।"

उत्तराखण्ड राज्य में भी विभागीय गुड समेरिटन पुरस्कार योजना प्रारम्भ की गयी है, जिसके अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति निम्नलिखित कार्यों में से कोई कार्य करता है, तो उत्तराखण्ड पुलिस उसे नगद ईनाम और प्रशंसा पत्र प्रदान करेगी। सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना। सड़क दुर्घटना के शिकार व्यक्ति/व्यक्तियों का राहत एवं बचाव कार्य कर समय से अस्पताल पहुँचाना। सड़क दुर्घटना में घायल / चोटिल व्यक्ति को एम्बुलेंस की उपलब्धता न होने की स्थिति में निजी वाहन से अस्पताल पहुँचाना। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर रक्तदान करना या रक्तदान का प्रचार-प्रसार कर सम्बन्धित ब्लड ग्रुप वाले रक्तदाता की व्यवस्था करना।

# उत्तराखंड में उपचुनाव का ऐलान, ये है शेड्यूल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 11 जून , भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड विधानसभा की दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान किया है. राज्य विधानसभा की बदरीनाथ और मंगलौर निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव होगा. आयोग के अनुसार 14 जून को इसके लिए अधिसूचना जारी होगी. फिर 21 जून तक नामांकन किया जा सकता है. वहीं 24 जून तक नामांकन पत्रों की जांच होगी. इसके बाद 10 जुलाई को मतदान होगा. वहीं 13 जुलाई को काउंटिंग होगी. आयोग के अनुसार 15 जुलाई 2024 से पहले निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हो जानी चाहिए. बदरीनाथ पर राजेंद्र सिंह भंडारी के इस्तीफे और मंगलौर सीट पर सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद यह उपचुनाव कराए जा रहे हैं.

कौन बनेगा उम्मीदवार

उपचुनाव का ऐलान करते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने कहा कि आयोग ने उपचुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट का इस्तेमाल करने का फैसला किया है. पर्याप्त संख्या में ईवीएम और वीवीपैट उपलब्ध करा दिए गए हैं और इन मशीनों की मदद से मतदान सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी कदम उठाए गए हैं.कांग्रेस और भाजपा यहां से जीतकर विधानसभा में अपनी संख्या बढ़ाने को लेकर मैदान में उतरेंगी। वर्तमान में 70 विधानसभा में 68 में से भाजपा के 47 व कांग्रेस के 18 बसपा के एक, निर्दलीय 2 हैं।

साल 2022 में संपन्न हुए उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की थी. 2022 के चुनाव में बीजेपी को 44.3 फीसदी वोट मिले थे और 47 सीटें हासिल की थीं. वहीं कांग्रेस को इस चुनाव में 19 सीटें मिलीं थीं और 37.9 फीसदी मत मिले थे. आपको बता दें कि कभी कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे राजेंद्र सिंह भंडारी, कांग्रेस के विधायक थे. चुनाव से पहले वह इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल हो गए थे. वहीं बसपा के बड़े नेता और विधायक रहे सरवत करीम अंसारी का बीते साल अक्टूबर में निधन हो गया था लिहाज़ा सीट खाली हो गयी थी। देखना दिलचस्प होगा कि इन दोनों ही सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस किसपर दांव लगाएगी ?



# इस देश में खुला ब्लाइंड डेटिंग कैफे, पर अजीबोगरीब वजह से हो गया ट्रोल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : डेटिंग करना आजकल का फैशन बन चुका है. लड़के-लड़कियां खूब डेटिंग करते नजर आते हैं. यही वजह है कि जगह-जगह डेटिंग बेस्ड कैफे और रेस्टोरेंट भी खुले हुए हैं, जहां कपल जाते हैं और एक दूसरे के साथ अपना खूबसूरत समय बिताते हैं, लेकिन आजकल एक ब्लाइंड डेटिंग कैफे काफी चर्चा में है. यह कैफे वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में स्थित है. इस तथाकथित ब्लाइंड डेटिंग कैफे की खूब आलोचना भी हो रही है, क्योंकि कैफे ने एकतरफा शीशे वाली खिड़की लगा रखी है, जिसमें पुरुष तो उन लड़कियों को देख सकते हैं जिनसे वे बात कर रहे हैं, लेकिन लड़कियां उन पुरुषों को नहीं देख सकतीं, जिनसे वो बात कर रही होती हैं।



इस कैफे का नाम मीना कैफे है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कैफे में पुरुषों और महिलाओं के लिए दो अलग-अलग कमरे बनाए गए हैं और इन कमरों को एक कांच की दीवार अलग करती है. विवाद इस बात को लेकर नहीं है कि पुरुष-महिलाओं के लिए अलग-अलग कमरे बने हैं बल्कि विवाद कांच की दीवार को लेकर है. बताया जा रहा है कि कैफे में पुरुषों के लिए जो कमरा बनाया गया है, उसमें अंधेरा रहता है और वो दूसरी तरफ से इंसान को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं।

वियतनाम का यह कैफे तब वायरल हुआ जब एक लोकप्रिय टिक टॉक यूजर ने इसके बारे में एक पोस्ट किया, जिसमें एक पुरुष के दृष्टिकोण से उसका अनुभव दिखाया गया था. रिपोर्ट्स के मुताबिक, एकतरफा खिड़की के अलावा लोगों ने इस बात की भी आलोचना की कि पुरुषों की सीटें महिलाओं की सीटों की तुलना में काफी नीचे बनाई गई हैं, जिसके बारे में कुछ लोगों का दावा है कि इससे महिलाओं के निजी अंगों को देखने का मौका मिलता है. इस कैफे की मालकिन लीना ने बताया कि उन्होंने पुरुषों को सक्रिय रूप से जोड़े बनाने का अधिकार देने के लिए यह मॉडल बनाया है, इससे सहमत होना या न होना महिलाओं पर निर्भर करता है।

जब कैफे की मालकिन से एकतरफा कांच की खिड़की को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनका स्टाफ ग्राहकों को इसके बारे में सूचित करने की पूरी कोशिश करता है कि लड़कियां कमरे में सही तरीके से बैठें, लेकिन वे कभी-कभी भूल जाते हैं. जनता के व्यापक आक्रोश और मीडिया कवरेज के बाद यह ब्लाइंड डेट कैफे पुलिस जांच का विषय बन गया है।

# कमाल हो गया : शख्स ने कराई ऐसी सर्जरी दिखने लगा अपनी उम्र से 30 साल छोटा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : उम्र का बढ़ना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिससे हर इंसान और जीव-जंतु गुजरता है और जन्म लेने के साथ ही उम्र बढ़ने की ये प्रक्रिया शुरू हो जाती है. फिर धीरे-धीरे इंसान बूढ़ा होता है और फिर वो समय भी आता है जब उसकी मौत हो जाती है और इस पूरी प्रक्रिया के दौरान इंसान का चेहरा भी धीरे-धीरे ढलता जाता है. हालांकि कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिनके चेहरे से उनकी उम्र का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है, पर क्या आप जानते हैं कि सर्जरी के जरिए भी इंसान के चेहरे को ऐसा बनाया जा सकता है, जिससे वो अपनी उम्र से आधे का लगे? जी हां, ऐसा ही एक शख्स आजकल काफी चर्चा में है.



दरअसल, तुर्किए के एक प्लास्टिक सर्जन ने एक शख्स के चेहरे में ऐसा बदलाव किया है कि वो अपनी उम्र से 30 साल छोटा दिखने लगा है. इस प्लास्टिक सर्जन का नाम एस्टे मेड बताया जा रहा है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने काम के बारे में बताया है और उस शख्स की तस्वीर भी शेयर की है, जिसकी उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी की है. उन्होंने बताया है कि माइकल नाम के शख्स का उन्होंने हेयर ट्रांसप्लांट किया और फेस सर्जरी भी की, जिसके बाद उसके चेहरे में एक चौंका देने वाला बदलाव आया।


डॉक्टर एस्टे मेड का ये असाधारण काम ट्विटर पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है. एक यूजर ने प्लास्टिक सर्जन के पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें माइकल की सर्जरी के पहले और बाद की तस्वीरें भी हैं. आप देख सकते हैं कि एक तस्वीर में माइकल कितने बूढ़े लग रहे हैं, जैसे कि वो 60-65 साल के हों, जबकि दूसरी तस्वीर में वो किसी 30-35 साल के व्यक्ति की तरह लग रहे हैं. इस पोस्ट को अब तक लाखों लोग देख चुके हैं और तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं.

एक यूजर ने लिखा है, 'इस तकनीक के बारे में कल्पना कीजिए, 20-30 साल बाद जब हम सभी को थोड़ी-बहुत ही देखभाल की जरूरत होगी. हम सबसे लंबे समय तक जीने के लिए तैयार हैं और सबसे युवा इंसान दिखेंगे! यह सुनिश्चित करने का समय है कि हम अंदर के साथ-साथ बाहर से भी युवा दिखें!', तो कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें यकीन ही नहीं हो रहा कि दोनों शख्स एक ही हैं. यूजर्स का कहना है कि बुजुर्ग दिख रहा शख्स कोई और है और जवान दिख रहा शख्स कोई और है, दोनों एक नहीं हैं.

# महिला को हो गई शॉपिंग वाली बीमारी नींद में ही कर डाली 3 लाख की शॉपिंग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : शॉपिंग करना तो आम बात है. हर कोई करता है, लेकिन कुछ लोगों को शॉपिंग की भी एक लत लग जाती है. फिर वो जहां भी जाते हैं, वहां से कुछ न कुछ सामान खरीदते जरूर हैं और अगर कहीं नहीं जा पाते तो फिर ऑनलाइन ही कुछ न कुछ ऑर्डर कर लेते हैं. वैसे महिलाओं को लेकर अक्सर ये बातें होती हैं कि वो शॉपिंग करने में बहुत आगे रहती हैं. ऐसे में कुछ लोग मजाक-मजाक में ये कह भी देते हैं कि तुम्हें तो शॉपिंग की बीमारी ही हो गई है, पर क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक ऐसी महिला भी है, जिसे सच में शॉपिंग वाली बीमारी हो गई है।



इस महिला का नाम केली नाइप्स है, जो एसेक्स के बेसिलडन की रहने वाली है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 42 साल की केली ने साल 2006 में अपने पहले बच्चे हेनरी को जन्म दिया था, तब उन्हें महसूस किया कि उन्हें नींद में चलने की बीमारी हो गई है, लेकिन नींद में चलने की यह आदत जल्द ही नींद में शॉपिंग करने में कैसे बदल गई, ये उन्हें भी पता नहीं चला. नींद में शॉपिंग की इस आदत की वजह से उनके ऊपर तीन लाख का कर्जा ही चढ़ गया. हालांकि बाद में उन्होंने इस कर्ज को चुका दिया था।

सबसे हैरान करने वाली बात तो ये थी कि नींद में ही केली के साथ धोखाधड़ी भी हो गई. उन्होंने नींद में ऑनलाइन शॉपिंग करते समय एक संदिग्ध साइट पर अपना बैंक डिटेल भर दिया था. हुआ ये था कि बीते मार्च महीने में केली को एक स्पैम मैसेज मिला था, जिसमें उनके बकाया बिल के लिए वित्तीय सहायता की पेशकश की गई थी. अब सोते समय उन्होंने गलती से ठगों को अपनी वित्तीय जानकारी दे दी और तब से कई बार उन्हें ठगा जा चुका है. उन्हें शक है कि ठगों ने उनकी बैंक डिटेल्स को बेच दिया है, इसलिए वो बार-बार ठगी का शिकार हो जाती हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, केली को पैरासोमनिया नाम की एक दुर्लभ बीमारी हो गई है, जिसकी वजह से वो नींद में ही शॉपिंग भी करने लगती हैं. डॉक्टर बताते हैं कि पैरासोमनिया नींद से संबंधित एक विकार है, जिसमें सोते समय इंसान असामान्य हरकतें करने लगता है, जिसमें नींद में चलना, बोलना आदि शामिल हैं. केली को लगता है कि यह बीमारी उनकी स्लीप एपनिया की वजह से हुई है, जिसमें वह नींद में सांस लेना बंद कर देती हैं. स्लीप एपनिया उनके मस्तिष्क को आंशिक रूप से जागने के लिए मजबूर करता है और उन्हें नींद में ही काम करने के लिए मजबूर करता है, जिसमें ऑनलाइन शॉपिंग करना भी शामिल है।

# इस ट्रेन में नहीं लगता किराया, इन यात्रियों के लिए है विशेष सुविधा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : भारतीय रेलवे की गिनती दुनिया के चौथे सबसे बड़े नेटवर्क के तौर पर होती है. भारतीय रेल में रोजाना करीब 2 करोड़ 30 लाख लोग रोजाना सफर करते है, जितनी ऑस्ट्रेलिया की जनसंख्या है. आपने भी ट्रेन में सफर जरूर किया होगा. कई बार तो लोग बिना टिकट ही इसमें चढ़ जाते हैं और जुर्माने के डर से टीटीई से छिपते दिखाई देते हैं. लेकिन क्या आपको मालूम है कि भारत में एक ऐसी ट्रेन भी चलती है, जिसमें न ही कोई टिकट लगती है और न ही इसमें कोई टीटीई रहता है. सुनकर चौंक गए ना, लेकिन यह एकदम सही है. आजादी के बाद से यहां ट्रेन से लोग मुफ्त में सफर करते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में...




सबसे पहले बात करते हैं इस ट्रेन की,जिसका नाम है भाखड़ा-नांगल ट्रेन. जिसमें सफर के लिए कोई किराया नहीं लिया जाता है. इसका संचालन साल 1949 से किया जा रहा है, जिसका लाभ आस-पास के गांव के लोग उठा रहे हैं. बता दें कि इस ट्रेन को पंजाब के नांगल से भाखड़ा तक चलाया जाता है. जिसका संचालन का जिम्मा भाखड़ा ब्यास बोर्ड के पास है. यह ट्रेन सतलज नदी और शिवालिक पहाड़ियों से होते हुए करीब 13 किलोमीटर चलती है,जिसको देखने के लिए दूर-दूर से सैलानी आते हैं।

आमतौर पर देखने को मिलता है कि बिना टिकट यात्रा करने पर लोग टीटीई से बचते दिखाई देते हैं. लेकिन इसमें कोई टीटीई नहीं रहता है. इस ट्रेन की खास बात यह है कि इस ट्रेन के डिब्बे लकड़ी के बने हुए हैं. पहले इसको स्टीम इंजन से चलाया जाता था, लेकिन अब इसे डीजल इंजन से चलाया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक यह ट्रेन दिन में दो बार अप-डाउन करती है. भाखड़ा और नांगल के बीच की दूरी तय करने में करीब 1 घंटे का समय लगता है. पहले इसमें 10 कोच हुआ करते थे लेकिन अब इसमें 3 कोच होते हैं।

# उत्तराखंड : भारतीय सेना का हिस्सा बने गढ़वाल के अभिषेक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टिहरी गढ़वाल 11 जून : भारतीय सैन्य अकादमी में 355 नौजवान युवा कैडेट भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इनमें एक उत्तराखंड के जेंटलमैन कैडेट्स अभिषेक गुसाईं भी शामिल थे, जो बाईट दिन पासआउट होकर सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। बेटे को पासिंग आउट परेड में देख सभी परिजन गौरवान्वित हुए।

भारतीय सैन्य अकादमी में प्रथम कदम के साथ ही 394 युवा कैडेट भारतीय सेना का हिस्सा बने, जिसमें 39 विदेशी कैडेट भी शामिल हैं। इस अवसर पर गौरवमय पल के साक्षी बने तमाम सैन्य अफसरों के साथ जेंटलमैन कैडेट्स के परिजन भी शामिल थे। इन्हीं कैडेट्स में से एक उत्तराखंड के जनपद टिहरी जाखणीधार ब्लाक के गडोलिया निवासी अभिषेक गुसाईं ने भी सेना में अफसर बनकर नाम रोशन किया है। अभिषेक गुसाईं का परिवार वर्तमान में देहरादून के अजबपुर में रहता है। उनके




पिता जयपाल गुसाईं जूनियर हाईस्कूल मैराब में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं तथा माता एक ग्रहणी हैं। अभिषेक की दो बहनें इंजीनियर हैं। अभिषेक ने अपनी 10वीं तक पढ़ाई चम्बा से की और फिर उसके बाद 11वीं और 12वीं सेंट जोसफ स्कूल देहरादून से पूरी की। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में एनडीए की परीक्षा पास की। कठिन प्रशिक्षण के बाद वो पास आउट होकर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। उनके पिता ने बताया कि बचपन से ही अभिषेक सेना में जाना चाहता था और इसके लिए उसने बहुत मेहनत की है। अभिषेक के नाना और मामा भी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं।

# 14 प्रयास के बाद मिली सफलता विनय भंडारी बने सेना में लेफ्टिनेंट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल 11 जून : आईएमए में पासिंग आउट परेड में उत्तराखंड के एक बेटे विनय भंडारी ने भी भारतीय सेना में अफसर बनकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 14 बार प्रयास करने के बाद आखिकार उन्हें सफलता मिल गई।

कीर्तिनगर विकासखण्ड के सुपाणा गांव के विनय भंडारी आईएमए से पास आउट हो गए हैं, विनय ने सेना में अधिकारी बनने के लिए कुल 14 बार प्रयास किये जिसमें वे 9 बार फेल हुए उनकी इस उपलब्धि पर पूरे परिवार को शुभकामनाएं और बधाई सन्देश मिल रहे हैं। कड़ी मेहनत के बल पर विनय भंडारी ने आखिरकार सफलता हासिल की। आईएमए से पास आउट होने के बाद विनय लेफ्टिनेंट बन गए हैं।

विनय बचपन से ही पढ़ाई में होशियार थे। इन्होने कक्षा 1 से लेकर 10वीं की पढ़ाई गुरु रामराय स्कूल श्रीनगर से ही की, इसके बाद




उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग से राजकीय पॉलिटेक्निक से डिप्लोमा हासिल किया और फिर रुड़की से उन्होंने अपनी बीटेक की पढ़ाई पूरी की विनय भंडारी ने वर्ष 2021-22 में एक वर्ष के लिए ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे प्रोजेक्ट की कार्यदायी संस्था नवयुगा में सिविल इंजीनियर के पद पर काम किया। इसके बाद उन्होंने नौकरी छोड़कर सेना में जाने का निर्णय लिया और कड़ी मेहनत शुरू की। विनय ने बताया कि वे नौ सेना में भी कमीशन प्राप्त कर चुके थे, लेकिन उनका सपना भारतीय थल सेना में अधिकारी बनने का था। उन्हें बेस्ट क्रेडिट होने के चलते सिल्वर मेडल से भी सम्मानित किया गया है। विनय भंडारी अब गोरखा रेजीमेंट में अपनी सेवाएं देंगे।


# उत्तराखंड पुलिस शारीरिक परीक्षा की तिथि में हुआ बदलाव, अब इस डेट से होगी परीक्षा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 11 जून : पुलिस विभाग में उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुलनायक एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी की सीधी भर्ती हेतु शारीरिक नाप-जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा को दिनांक 02 सितंबर 2024 को प्रस्तावित कर दिया है।

उत्तराखंड पुलिस विभाग के अंतर्गत होने वाली उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुलनायक एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी की सीधी भर्ती हेतु शारीरिक नाप-जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 30 जून, 2024 को प्रस्तावित की गई थी।

इस समय पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते अभ्यर्थियों ने तिथि को आगे बढ़ाने के लिए सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से

अनुरोध किया था। जिसे स्वीकार करते हुए धामी जी ने उपरोक्त पदों के लिए शारीरिक नाप-जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा को 02 सितंबर 2024 से कराए जाने हेतु पुलिस विभाग को निर्देशित किया है। वे अभ्यर्थी जिनकी तैयारी में कुछ कमी रह गई थी, वे इस अतिरिक्त समय का उपयोग करके अपनी तैयारी को और बेहतर कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी में फिर धधके जंगल

पौड़ी। पौड़ी के सिविल जंगलों में एक बार आग लगनी शुरू हो गई है। सोमवार को सतपुली, गहड़ और रावत गांव के पास सिविल जंगलों में आग लगी रही। दोपहर तक वन विभाग की टीम ने सतपुली और गहड़ गांवों के जंगलों की आग पर काबू पा लिया था। बारिश नहीं होने से एक बार फिर पारा चढ़ने लगा है। जिसके कारण जंगलों में आग की घटनाएं फिर शुरू हो गई। इस फायर सीजन में पहले ही पौड़ी जिले में 200 हेक्टेअर से अधिक जंगल आग से प्रभावित हो चुके हैं। जून महीने में भी बारिश अभी तक नहीं होने से तापमान फिर बढ़ रहा है। सिविल सोयम वन प्रभाग के डीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि कुछ घटनाएं सोमवार को रिपोर्ट हुई हैं। इनमें कोटद्वार-पौड़ी नेशनल हाईव पर सतपुली के पास सहित गहड़ गांव के सिविल जंगलों में आग की सूचनाएं मिली। दिन में रावत गांव के पास जंगलों में आग की सूचना मिली। बताया कि लोगों के नाप खेतों से आग सिविल जंगल तक जा रही है। खेतों से सटे जंगलों में आग की घटनाएं रिपोर्ट की जा रही है। टीमों को अलग-अलग जगह पर भेजा गया है। दोपहर तक सतपुली और गहड़ दोनों ही सिविल जंगलों की आग पर काबू पा लिया गया था। बारिश नहीं होने से अभी भी विभागीय टीमों को फॉरेस्ट फायर को लेकर अलर्ट मोड़ पर रखा गया है।

### विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक

चमोली। जिले की 04-बदरीनाथ विधानसभा में उपचुनाव को लेकर भारत चुनाव आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। आयोग की ओर से आगामी 10 जून को उप चुनाव को लेकर की तिथि घोषित की गई है। जिसे लेकर सोमवार को अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह ने राजनीतिक दलों और प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए उप चुनाव कार्यक्रम की विस्तृत से जानकारी दी। जिला सभागार में आयोजित बैठक के दौरान अपर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 04-बदरीनाथ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। जहां आदर्श आचार संहित लागू होने के साथ ही एफएसटी टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। वहीं अन्य तैयारियां भी शुरु कर दी हैं। उन्होंने बताया बदरीनाथ विधानसभा में कुल 1 लाख 2 हजार 145 मतदाता है। जिनमें से 52 हजार 485 पुरुष, 49 हजार 658 महिला तथा 2 अन्य मतदाता है। विधानसभा में 210 मतदेय स्थल हैं। चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में आगामी 15 जुलाई तक आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहेगी। इससे पूर्व 14 जून को अधिसूचना जारी की जाएगी। 21 जून को नामांकन की अंतिम तिथि, 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच, 26 जून को नाम वापसी अंतिम तिथि, 10 जुलाई को मतदान व 13 जून को मतगणना की तिथि निर्धारित की गई है।

### चमोली में आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू

चमोली। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशों के क्रम में जनपद मे आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है। यह जानकारी देते हुए अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह ने बताया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 10 जून से जनपद चमोली की 04 बद्रीनाथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से उप निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। उन्होंने बताया कि उप निर्वाचन की अधिसूचना 14 जून को जारी होगी। नाम निर्देशन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 जून, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि 24 जून, नाम वापसी की अंतिम तिथि 26 जून, मतदान 10 जुलाई व मतगणना 13 जुलाई को संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि उप निर्वाचन मतदाता सूची 27 जनवरी 2024 को प्रकाशित फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के आधार पर सम्पादित किया जाएगा। उप निर्वाचन ईवीएम और वीवीपैट्स का प्रयोग किया जाएगा। बताया कि निर्वाचन के दौरान मतदाता की पहचान हेतु फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त वैकल्पिक दस्तावेज आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बैंक/डाकघर द्वारा जारी पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख,केन्द्र, राज्य या सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र या यूडीआईडी को पहचान पत्र के रूप में इस्तेमाल कर सकता है।

### एसएचजी को दिया गया वित्तीय समावेशन और बैंक लिंकेज का प्रशिक्षण

चमोली। चमोली में ग्राम स्तर पर गठित स्वयं सहायता समूह व संकुल संघों के तहत वित्तीय समावेशन व बैंक लिंकेज प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए एनआरएलएम की ओर से क्षमता विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सभागार गोपेश्वर में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मुख्य प्रशिक्षक प्रियाली दास और शुभम बागड़े ने प्रतिभागियों को एसएचजी बैंक लिंकेज, एनपीए प्रबंधन, बैंक सखी चयन, डिजिटल बैंकिंग, नकद शाखा सीमा, समूह आडिट, सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्षा व अटल पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों की शंकाओं के समाधान भी किए। इस मौके पर कमलेश पंत, संजय पुरोहित, ममराज चौहान, विजय काला, मयंक कुमेड़ी, पंकज बिष्ट आदि मौजदू थे।

### माहरा ने भाजपा नेताओं पर लगाए आरोप

चमोली। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट और पूर्व विधायक राजेंद्र भंडारी पर गंभीर आरोप लगाए है। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में माहरा ने कहा कि जोशीमठ आपदा प्रभावितों के हितों का संरक्षण करने में दोनों नेता कभी गंभीर नहीं दिखे। चमोली सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की घटना पर करन माहरा ने कहा जिस कम्पनी को ट्रीटमेंट की जिम्मेदारी दी गई थी। उसका 5 साल से आडिट ही नहीं हुआ था। राज्य सरकार की लापरवाही से घटना घटी। उन्होंने बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की ओर से जनता के स्थानीय ऐजेंडे और राज्य तथा केन्द्र स्तर के एजेंडे को आगे रखने की बात पत्रकारों से कही। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

### एनसीसी कैडेट का प्रशिक्षण शिविर शुरू

चमोली। 01यूके बटालियन एनसीसी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज तलवाड़ी में प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल एके बिश्नोई( सेना मेडल) ने कैडेटस को संबोधित करते हुए बेहतर नागरिक बनने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कैडेट्स को इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान लीडरशिप, सेल्फ डिफेंस, चारित्रिक विकास, स्वच्छता, समाज सेवा के प्रति जागरूक रहते हुए विभिन्न क्रियाकलापों से रूबरू कराया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में जनपद चमोली के राजकीय महाविद्यालय गोपेश्वर, राजकीय महाविद्यालय कर्णप्रयाग, राजकीय महाविद्यालय जोशीमठ, राजकीय पॉलिटेक्निक गोचर, राजकीय इंटर कॉलेज गोपेश्वर, राजकीय इंटर कॉलेज छिनका, नागनाथ पोखरी, थराली, अलकापुरी, मैहलचोरी, देवीखेत, उर्गम, एसबीएम जोशीमठ, इंटर कॉलेज बणगांव, इंटर कॉलेज तपोवन, राजकीय इंटर कॉलेज पीपलकोटी,डूंगरी में कोट सहित 21 विद्यालयों के 550 कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

# छुटमालपुर : 2024 नीट की परीक्षा पास करने वाले बच्चों को मौलाना खालिद नदवी ने किया सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

छुटमलपुर 11 जून : 2024 नीट परीक्षा पास कर वाले क्षेत्र के बच्चों को सामाजिक संस्था अंजुमन हिमायत ए इस्लामी के संस्थापक मौलाना खालिद नदवी ने किये सम्मानित। इंटरमीडिएट पास करने के बाद मेडिकल साइंस मे आगे जाने के लिए अभ्यर्थियों को NEET/CPMT की एंट्रेंस परीक्षा पास करनी अनिवार्य जो कि बडी कठीन परीक्षा है। कुछ बच्चे इंटरमीडिएट पास करने के बाद कहीं-कहीं साल तक कोचिंग करते हैं तब जाकर नीट परीक्षा को पास करते है। लेकिन कुछ होनहार बच्चे ऐसे भी होते है जो इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के तुरंत बाद ही नीट में भी क्वालीफाई कर जाते हैं।अगर देखा जाए तो ज्यादातर बच्चे मेडिकल लाइन मे ही अपना सुनहरा कल देखते है ।

सामाजिक संस्था अंजुमन हिमायत ए इस्लामी के संस्थापक मौलाना खालिद नदवी के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 2024नीट की परीक्षा क्वालीफाई करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किये।सम्मान समारोह का आयोजन हरिजन कॉलोनी स्थित मदरसे में हुआ।जिसमें बेहट क्षेत्र के सभी ऐसे छात्र छात्राओं को सम्मानित किये गये। मौलाना खालिद नदवी ने कहा कि बच्चों के पास होने में बच्चो के साथ- साथ माता-पिता व गुरुजनों का का बराबर की मेहनत होती है। बच्चो के सुनहरा कल के लिए जितना मां-बाप मेहनत करते है इतनी ही मेहनत अध्यापक अपने शिष्यो को कामयाब करने के लिए करता है। अध्यापक के पास जितना भी ज्ञान होता है उस से भी ज्यादा ज्ञान देने की कोशिश करता है ताकि वह बच्चे कामयाब होकर अपने मां-बाप व गुरुजनों का नाम रोशन करें।

समारोह के मुख्य अतिथि सहारनपुर जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलाना फरीद मज़ाहिरी। कार्येक्रम की अध्यक्षता एएचपी इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजकुमार पुंडीर द्वारा की गयी। कार्येक्रम में अतिथि के तौर पर निवर्तमान सांसद फजलुर रहमान साहब,थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, कमालपुर के पूर्व प्रधान मौ.इसरान असपा नेता फिरोज इस्लाम अल्वी अलीम अंसारी, मुफ्ती अताऊर रहमान मौलाना सर्वर अनवर मलिक , मौलाना आबिद सभासद अंकित सैनी सभासद रिजवान बंजारा दो मनसुख शाहिद मलिक कारी मुस्तफिज इस मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद रहे 1




## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

श्रीनगर गढ़वाल। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक गोला बाजार में नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर मिष्ठान वितरित और आतिशबाजी कर हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर आज पूरे देश में हर्ष का माहौल है। कहा कि भाजपा की सरकार आते ही देश में एक बार फिर विकास की गंगा बहेगी। वहीं कीर्तिनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी के तीसरे बार प्रधानमंत्री बनने पर खुशी जाहिर की। खुशी व्यक्त करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवांण, जितेंद्र रावत, वासुदेव कंडारी, जगदीप रावत, सौरभ पांडेय, आशीष उनियाल, अंजना डोभाल, बिपेंद्र बिष्ट, जगमोहन सिंह नेगी, जय सिंह कठैत, डा. सनील भट्ट, शूरवीर सिंह कठैत, कल्पना कठैत, दिनेश रतूडी, विनोद सिंह रावत सहित आदि मौजूद थे।

## श्रीनगर में आइसा छात्र संगठन ने किया एनटीए के खिलाफ प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल। नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ आल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) छात्र संगठन ने सोमवार को गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के मुख्य गेट पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आइसा की नगर सचिव प्रियंका खत्री ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर परीक्षाओं में धांधली होना एनटीए व सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। कहा कि परीक्षाओं में धांधली होने से देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होना शर्मनाक है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित उछोली ने कहा कि मामले की जांच सीबीआई से करवाकर तत्काल रूप से दोषियों की पहचान कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। कहा कि नीट परीक्षा में कुल 720 अंकों में से 685 अंक लाकर अखिल भारतीय स्तर पर 7158 रैंक लाने वाली नीट परीक्षा की अभ्यर्थी वीनस चौधरी ने कहा कि जिन भी सेंटर्स में धांधली हुई है, या ग्रेस नंबर दिए गए हैं, उन सभी सेंटर्स की जांच होनी चाहिए व जांच में गड़बड़ पाए गए सेंटर्स पर परीक्षा दोबारा आयोजित करवाई जानी चाहिए। छात्र नेता रोबिन असवाल ने कहा कि यदि तत्काल रूप से इस प्रकरण में सरकार व एनटीए द्वारा कार्यवाही नहीं की गई तो देशभर के युवा सड़को पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## बुघाड़ी रोड़ पर शराब पीने वाले 15 लोगों का चालान, 3 स्कूटी सीज की

श्रीनगर गढ़वाल। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ एक्शन लेना शुरू कर दिया है। जिसके तहत रविवार देर शाम को सड़क पर शराब पीते हुए पकड़े गए 15 लोगों के ख़िलाफ़ पुलिस ने चालानी कार्रवाई की है जबकि तीन स्कूटी भी सीज की गई हैं। नगर से सटे बुघाणी मार्ग पर ट्रेफिक कम होने के चलते लोग इस सड़क पर सुबह और शाम को घूमनेजाते हैं। ऐसे में इस मार्ग पर उन्हें कई स्थानों पर युवक शराब पीते दिखते हैं। जिसके बाद ये युवक उन स्थानों पर कूड़ा करकट छोड़ चले जाते हैं। जिससे इन स्थानों का वातावरण भी दूषित हो रहा है।

कोतवाली प्रभारी होशियार सिंह पंखोली ने बुघाणी मार्ग में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 15 युवाओ के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जबकि तीन स्कूटी श्रीनगर थाने में सीज कर दी गयी। कोतवाल श्रीनगर होशियार सिंह पंखोली ने चेतावनी दी है कि अगर कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीता या हुड़दंग मचाता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

## सिरोगबगड में लगा घंटों जाम

श्रीनगर गढ़वाल। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिरोबगड़ में ट्रक खराब होने से सोमवार को तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम में चारधाम यात्रा पर जाने वाले छोटे बड़े वाहन घंटों रेंगते रहे। इस कारण स्थानीय लोगों के साथ ही यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सिरोबगड़ में लैंडस्लाइड जोन है। साथ ही यहां पर वनवे होने चलते आये दिन जाम लगना सामान्य सी बात हो गई है। सिरोबगड़ में जाम लगने के चलते लोगों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता। लैंडस्लाइड के चलते यहां पर राष्ट्रीय राजमार्ग काफी संकरा हो चुका है, जिस कारण दो वाहनों को एक साथ गुजरने में दिक्कत हो रही है। जिससे जाम जैसी स्थिति पैदा हो रही है। यात्रियों के साथ स्थानीय लोगों को भी प्रतिदिन जाम का सामना करना पड़ रहा है। हालंकि हाईवे के विकल्प के तौर पर राष्ट्रीय राजमार्ग खंड श्रीनगर सिरोबगड़ के समीप वैकल्पिक मार्ग बनाया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है लेकिन जब तक यह मार्ग नहीं बनेगा तब तक लोगों को आए दिन परेशानी उठानी पड़ सकती है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक होशियार सिंह पंखोली ने बताया कि सिरोगबगड़ में ट्रक खराब होने के चलते रुद्रप्रयाग और श्रीनगर के दोनों ओर जाम की स्थिति बन गयी थी। उन्होंने बताया कि करीब डेढ़ बजे के करीब ट्रक को हटाने के बाद जाम खुल पाया। बताया कि जाम की स्थिति को देखते हुए वाहनों को फरासू में रोका गया है। पुलिस प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारु किया गया।

## प्रो पंजा लीग के नेशनल चैंपियनशिप में श्रीनगर की आकृति ने जीते गोल्ड

श्रीनगर गढ़वाल। महाराष्ट्र आर्म रेसलिंग एसोसिएशन की ओर से नागपुर में आयोजित प्रो पंजा लीग में श्रीनगर की आकृति कंडारी ने गोल्ड मेडल जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। आकृति ने केरला मिजोरम, असम, तमिलनाडु उत्तर प्रदेश राज्यों की लगभग 12 बालिकाओं को हराकर नेशनल चैंपियनशिप में दो गोल्ड हासिल किये हैं। 6 से 10 जून तक नागपुर में चले प्रो पंजा लीग में आकृति कंडारी ने 70 किलोग्राम जूनियर कैटेगरी में दाएं और बाएं हाथ के पंजे से अपने प्रतिद्वंद्वीयों को हराकर दो गोल्ड मेंडल अपने नाम किये। उनकी इस कामयाबी पर व्यापारियों सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने खुशी जाहिर की है। आकृति कंडारी इससे पहले स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी हैं। आकृति कंडारी उद्योग व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष वासुदेव कंडारी की बेटी हैं। आकृति के पिता वासुदेव कंडारी ने बेटी की इस कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनका बेटा आर्यन कंडारी और बेटी आकृति कंडारी ने आर्म रेसलिंग में विभिन्न पदक जीत कर श्रीनगर के साथ-साथ उत्तराखंड का नाम भी रोशन किया है।

# उत्तरप्रदेश : हादसे में जान गंवाने वाले Round 2 World के 4 लड़कों की कहानी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तर प्रदेश 11 जून : अमरोहा में हादसे का शिकार हुए चारों यूट्यूबर राउंड टू वर्ल्ड नाम से यूट्यूब चैनल चलाते थे. वह कॉमेडी वीडियो बनाकर लोगों को हंसाया करते थे. उनके चैनल पर 20 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं. 139 वीडियो अपलोड हैं और 24 करोड़ से ज्यादा व्यूज हैं. चारों यूट्यूबरों की मौत से उनके यूजर्स मायूस हैं.UP: 139 Video, 20 लाख सब्सक्राइबर... हादसे में जान गंवाने वाले Round 2 World के 4 लड़कों की कहानीचारों कलाकार यूट्यूब पर 'राउंड टू वर्ल्ड' चैनल के लिए कॉमेडी वीडियो बनाते थे.



उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के तीन लड़कों ने मिलकर एक यूट्यूब चैनल बनाया जिसका नाम रखा 'राउंड टू हेल' (Round 2 Hell). कॉमेडी वीडियो बनाकर यह चैनल कुछ ही समय में बुलंदियों को छू गया. ठीक इसी तर्ज पर अमरोहा जिले के छोटे से गांव अलीपुर के चार लड़कों ने यूट्यूब पर अपना चैनल बनाया जिसका नाम उन्होंने रखा 'राउंड टू वर्ल्ड' (Round 2 world). इस चैनल के चार लड़के, जिनकी अदाकारी से हर मुरझाया हुआ चेहरा हंस पड़ता. हर किरदार में इनके अलग-अलग नाम होते लेकिन असल जिंदगी में इन्हें लक्की चौधरी, सलमान, शाहरुख और शाहनवाज पुकारा जाता. अपने डायलॉग और एक्टिंग से सभी को गुदगुदाने वाले यह कलाकार आज शांत हैं. दूसरे को खिलखिलाने वाले ये चारों लड़के लाखों आंखों में आंसुओं का सैलाब दे गए.

अमरोहा के गजरौला में हुए सड़क हादसे में चारों यूटयूबर कलाकारों की मौत हो गई. कोतवाली हसनपुर के मनोटा चौकी क्षेत्र में पुल पर उनकी कार की पहले बोलेरो से टक्कर हुई फिर पीछे से दूसरी गाड़ी ने रौंद दिया. घटनास्थल पर ही लक्की चौधरी, सलमान, शाहरुख और शाहनवाज की दर्दनाक मौत हो गई. हादसे में उनके दो साथी जैद व दिलशाद घायल हो गए. उनकी हालत गंभीर है उन्हें मेरठ रेफर किया गया है.

**स्थानीय खड़ी बोली में बनाते थे वीडियो**

स्थानीय खड़ी बोली में बनाते थे वीडियोचारों कलाकार बेहतर कॉमेडियन थे. वह अपनी स्थानीय खड़ी बोली में वीडियो बनाते थे. हालांकि, उनकी हर वीडियो में अभद्र भाषा का प्रयोग होता था लेकिन फिर भी उनकी वीडियो को यूजर्स बहुत पसंद किया करते थे. वह अपने यूजर्स के बीच काफी मशहूर थे. उनकी लोकप्रियता ये थी कि उनके चैनल 'राउंड टू वर्ल्ड' पर 2 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं. चैनल पर 24 करोड़ 26 लाख से ज्यादा व्यूज हैं.

30 जुलाई 2017 को बनाई पहली वीडियो

'राउंड टू वर्ल्ड' के कलाकरों ने चैनल की शुरुआत साल 29 जून 2017 को की थी. पहली वीडियो 30 जुलाई 2017 को 'अमीर गरीब की सेल्फी' के नाम से अपलोड की गई. शुरुआत से सफलता नहीं मिली, लेकिन धीरे-धीरे उनकी वीडियो लोगों को पसंद आने लगीं. जब वीडियो वायरल होने लगी तो उनके कंटेंट और क्वालिटी में भी बढ़ोत्तरी होने लगी.

**यह भी देखें:** अमरोहा: बोलेरो ने मारी टक्कर, पीछे से दूसरी कार ने रौंदा... सड़क हादसे में 4 यूट्यूबरों की मौत

64 वीडियो ने पार किए मिलियन व्यूज

'राउंड टू वर्ल्ड' पर लक्की चौधरी, सलमान, शाहरुख और शाहनवाज फेमस चेहरे बन गए. उनके चैनल पर 20 लाख से ज्यादा यूजर्स जुड़े हुए हैं. चैनल पर 139 वीडियो अपलोड हैं, जिनमें कई एपिसोड हैं जो लोगों को हंसाने पर मजबूर कर देते हैं. इनमें 64 वीडियो मिलियन व्यूज में हैं. 3 वीडियो ऐसे हैं जो 10 मिलियन से ज्यादा देखे गए हैं. 5 महीने पहले अपलोड किए गए वीडियो 'भूत का बदला' को 12 मिलियन, 6 साल पुराने '2018 VS 2050 भिखारी' और 10 महीने पुराने 'फैमिली डिस्प्यूज-2' वीडियो को 10-10 मिलियन व्यूज मिले हैं. चैनल पर लास्ट वीडियो 18 अप्रैल 2024 को 'वेलकम टू पाकिस्तान' के नामा से अपलोड की गई, जिसको 3 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं.

**इस तरह की बनाते थे वीडियो**


हादसे का शिकार हुए 'राउंड टू वर्ल्ड' के कलाकार ज्यादातर हिंदी, अंग्रेजी फिल्मों और वेब सीरीज की नकल पर कॉमेडी वीडियो बनाते थे. उन्होंने शोले, लैला मजनूं, डॉन, करन, अर्जुन, जोकर, धमाल अगैन, मिर्जापुर, द एम्पायर जैसे कॉमेडी सीरियल बनाए थे. उनके छोटा डॉन, लैला मजनूं, स्कैम इन बैंक, स्कूल की वापसी, द एम्पायर, केजीएफ, ब्लैक मनी, फिरंगी, जोकर,गेम ऑफ पोलिटिक्स, वेलकम टू पाकिस्तान बेहद वायरल वीडियो हैं. चारों कॉमेडी कलाकार लक्की चौधरी, सलमान, शाहरुख और शाहनवाज की मौत से उनके गांव अलीपुर का माहौल गमगीन है. परिजन सदमे में हैं. हर आंख नाम हैं. गांव से लेकर सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसक मायूस हैं.

# कल्पना बनी हकीकत, इंसानी दिमाग से ही बना डाला कंप्यूटर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : कई वैज्ञानिक खोज कल्पना से भी परे लगती हैं. ऐसी ही एक खोज में साइंटिस्ट ने इंसान के दिमाग की टिशू से ही दुनिया का पहला लिविंग कंप्यूटर बनाने का दावा किया है. इसकी सबसे खास बात यह है कि ये बिलकुल कंप्यूटर चिप की तरह सूचनाओं का आदान प्रदान करते हैं, लेकिन उसके लिए 10 लाख गुना कम ऊर्जा का उपयोग करते हैं. शोधकर्ताओं का दावा है कि अगर दुनिया में इस तरह से कंप्यूटिंग का इस्तेमाल होने लगे तो हमारा ऊर्जा संकट हल हो जाएगा. तकनीक को लेकर दुनिया भर की कंपनियां और विश्वविद्यालय पड़ताल करने लगे हैं।

यह लैब में तैयार की गई दिमागी कोशिकाओं जैसे 16 ऑर्गेनॉइड से बना है जो आपस में एक दूसरे को सूचना भेजते हैं. ये दिमाग की तरह अपने न्यूरॉन्स से संकेत भेजते हैं और सर्किट की तरह काम करते हैं. खास बात यह है कि वे आज के डिजिटल प्रोसेस की तुलना में दस लाख गुना कम ऊर्जा का उपयोग करते हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि जिन कामों के लिए हमारा दिमाग 10 से 20 वाट की ऊर्जा खाता है, उसी के लिए अभी के कम्प्यूटर (21 मेगावाट) 2.1 करोड़ वाट ऊर्जा का इस्तेमाल करते हैं. यह अनोखा आविष्कार बायोलॉजिकल न्यूरल नेटवर्क के समाधान बनाने वाली स्वीडन की कंपनी फाइनल स्पार्क के वैज्ञानिकों ने किया है.



एक रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी के सीईऐओ डॉ फ्रेंड जॉर्डन ने बताया कि यह विचार विज्ञान फंतासी जैसा लगता है, लेकिन अभी तक इस पर अधिक शोध नहीं हुआ है. ऑर्गनॉइड स्टेम से बने होते हैं जो खुद की ही देखभाल कर सकते हैं. 0.5 मिमी मोटे इन मिनी ब्रेन को करीब दस हजार जिंदा न्यूरॉन्स से बनाया गया है. इस जीवित कंप्यूटर में रहने वाली कोशिकाएं या सेल्स 100 दिन तक जिंदा रहती हैं, लेकिन उनकी जगह नए ऑर्गनॉइड ले सकते हैं। शोधकर्ताओं ने इसे वेटवेयर नाम भी दे दिया है, क्योंकि यह असल इंसानी दिमाग की तरह काम करता है. जहां दुनिया अभी अक्षय ऊर्जा के स्रोत खोज रही है और भविष्य में ऊर्जा संकट की आहट को साफ महसूस कर रही है. कम ऊर्जा खाने वाले कम्प्यूटर की मांग बहुत ज्यादा हो जाएगी. दुनिया की कई कंपनियां और विश्वविद्यालय फाइनल स्पार्क के संपर्क में है।

# iPhone नहीं दिला पाया पिता तो बेटी ने घुटनों पर बैठाकर मंगवाई माफी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : कहा जाता है कि इंसान को उतने ही पैर फैलाने चाहिए जितनी उसकी चादर हो! इसका मतलब है आपको अपने खर्चे और जरूरत उतनी ही रखनी चाहिए. जितनी आपकी कमाई हो. वैसे आजकल बच्चे इस जरूरत की परिभाषा को नहीं समझते हैं और चकाचौंध और दिखावे बाजी में ये सब भूल जाते हैं और अपने मां-बाप को शर्मिंदा करना शुरू कर देते हैं. ऐसा ही एक किस्सा इन दिनों चीन से सामने आया है. जिसने हर किसी को हैरान कर दिया।



वायरल हो रहा ये मामला चीन के शांक्सी प्रांत के ताईयुआन का है. यहां एक बेटी ने अपने पिता को आईफोन के लिए इतना सुनाया कि सड़क पर इसको लेकर तमाशा बन गया. यहां एक शख्स महंगा आईफोन न खरीद पाने के चलते अपनी बेटी से ताने सुनने लगे और अंत में वो इतना ज्यादा परेशान हो गया कि उसने अपनी बेटी से हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा. पिता अपने घुटनों पर बैठ गया खुद को दोषी ठहराते हुए सिर पटकने लगा। जब वहां मौजूद लोगों ने इस नजारे को देखा तो तमाशा बनना शुरू हो गया. इसपर लड़की को ये सोचकर शर्म आ जाती है कि बाकी लोग तमाशा देख रहे हैं. बच्ची उसे खींचते हुए कहती है- उठो, उठो जल्दी.इस वीडियो को झोंग नाम के एक शख्स ने अपने कैमरे में रिकॉर्ड किया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया. जिसके बाद ये पोस्ट तेजी से वायरल हो गया और कोई उस लड़की को कोसने लगा। अपने पोस्ट के कैप्शन में झोंग ने बताया कि मैं इस पोस्ट को लगभग पांच मिनट तक रिकॉर्ड किया और पिता की हालत पर उसे दुख हुआ. इसके अलावा उसने कहा कि मेरा मन हुआ कि मैं उसकी बेटी के पास जाकर उस जोरदार थप्पड़ दूं और उसे बताऊं कि वो क्या कर रही है. हालांकि की ये पोस्ट चीन की सोशल मीडिया साइट वीबो पर शेयर किया गया है. जिसे वहां 91 मिलियन बार देखा जा चुका है और लोग कमेंट कर बेटी को जमकर ट्रोल कर रहे हैं.

एक यूजर ने लिखा, ' ये लड़की काफी ज्यादा घमंडी और बेशर्म है.' वहीं दूसरे ने लिखा, ' ऐसे बच्चे ना सिर्फ मां-बाप के लिए बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक है.' इसके अलावा और भी कई लोगों ने इस पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

# अल्मोड़ा बाजार से कलेक्ट्रेट के लिए चलेंगे 02 वाहन

अल्मोड़ा। अधिशासी अधिकारी नगरपालिका भरत त्रिपाठी ने बताया कि माल रोड बाजार क्षेत्र स्व. विजय जोशी पार्किंग से पाण्डेखोला, जिला न्यायालय, विकास भवन एवं न्यू कलेक्ट्रेट आदि कार्यालयों में आवागमन हेतु संचालित वाहन संख्या यूके01 पीए 0228 के अतिरिक्त इस मार्ग में यात्रियों की संख्या में वृद्धि एवं अन्य बस संचालन की आवश्यकता के दृष्टिगत आगामी 13 जून से शटल सेवा बस संख्या यूके 01 पीए 0232 का संचालन उपरोक्त रूट में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पालिका द्वारा संचालित शटल बस सेवाओं के संचालन में आ रहे व्यय भार के दृष्टिगत दोनो शटल सेवाओं के किराये दरों को एक समान करते हुए 13 जून से शटल सेवा में यात्रा हेतु प्रति व्यक्ति तीस रुपया किराया दर लागू की जाएगी।

# ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना से निर्धन महिलाओं को मिल रहा रोजगार

अल्मोड़ा। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे के नेतृत्व और ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (रीप) के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम जनपद के विकासखंड द्वाराहाट के ग्राम स्यालसुना में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। रीप परियोजना ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शांति देवी पत्नी हर सिंह पूर्व में मेहनत-मजदूरी करके जीवन निर्वाह करती थीं। वर्ष 2023 में, रीप परियोजना के तहत 'अति निर्धन परिवार' श्रेणी में शांति देवी का चयन हुआ। उन्हें बकरी पालन व्यवसाय स्थापित करने के लिए ₹35,000 की रिवॉल्विंग धनराशि और पशुपालन विभाग से वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इस सहायता का उपयोग उन्होंने बकरी पालन फार्म स्थापित करने के लिए किया। आज शांति देवी के पास 6 स्वस्थ बकरियां हैं। बकरी के दूध और मांस की बिक्री से उनकी मासिक आय में ₹4500-₹5000 की वृद्धि हुई है, जिससे उनके परिवार के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और रीप परियोजना की प्रभावशीलता को दर्शाती है। जिला परियोजना प्रबंधक रीप अल्मोड़ा, राजेश मठपाल ने जानकारी दी कि अति निर्धन परिवार श्रेणी की महिलाओं को रीप के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे वे स्वरोजगार स्थापित कर अपनी आजीविका सुधार सकें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि रीप परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अन्य अतिनिर्धन परिवारों को इस योजना का लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया।


# सीट बेल्ट लगाने पर ही खुलते है वाहनों के एयरबैग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : अब नए मॉडल की जितनी भी गाड़ियां मार्केट में आ रही है, उन गाड़ियों में एयरबैग लगे हुए है। इसका फायदा कार चालक और उसमें सवार लोगों को तभी मिलता है, जब सीट बेल्ट बांधा गया हो और इसके अलावा गाड़ी के सामने किसी प्रकार का गार्ड नहीं लगा हो। तभी दुर्घटना के दौरान टकराने पर गाड़ी में लगा एयर बैग खुलता है बे असर एयरबैग झटका पहले बार्स पर आता है। ऐसे में अगले हिस्से पर लगे सेंसर को गाड़ी टकराने का पता भी नहीं चलता।

ऐसे में वे खुल नहीं पाते है। बंपर बोनट को यूं बनाया जाता है कि दुर्घटना में फोर्स इन पर आएगा। इसलिए गाड़ी हादसे होने के बाद सिकुड जाती है। बंपर गार्ड होने पर पूरा फोर्स गाड़ी पर आ जाता है। अगला हिस्सा सॉफ्ट पैदल चलने वाले और टू व्हीलर्स को बंपर गार्ड से ज्यादा खतरा है। कार का अगला हिस्सा साफ्ट होता है, लेकिन गार्ड इसे खतरनाक बना देता है। सवारियों पर खतरा





दुर्घटना में बुल बार्स गार्ड होने पर झटका वाहनों के चेचिस पर ज्यादा आता है। गाड़ी को नुकसान ज्यादा होता है। साथ ही सवारियों पर खतरा बढ़ जाता है।

जानिए, क्यों लगाते हैं बुल बार्स और बंपर गार्ड ज्यादातर लोग गार्ड के सामने हिस्से में स्क्रेच न आए। इसलिए बंपर गार्ड लगा देते है। इसके अलावा छोटी-मोटी दुर्घटना हो तो उसमें भी सामने वाला हिस्सा बच जाए। इसलिए बंपर गार्ड लगवा देते है। ज्यादातर लोग गाड़ी को बचाने के हिसाब से ही बंपर गार्ड लगवा लेते है, लेकिन उन्हें इसके इफैक्ट पता नहीं है। आखिरकार अधिकतर दुर्घटनाओं में क्यों नहीं खुल पाते एयरबैग काम कैसे करते है : एयरबैग सेंसर कंट्रोल से जुड़े होते है। 60 से 80 किमी/घंटे की स्पीड से हादसा होने पर एयरबैग खुल जाते है। टक्कर के बाद एयरबैग 200 किमी/ घंटे के रफ्तार से खुले जाता है, लेकिन यह स्पीड सेंसिटिव नहीं है।

क्यों खुल नहीं पाते : सीट बैल्ट लगी होने की स्थिति में ही एयरबैग खुलते है। झटके के बाद एयरबैग ट्रीगर सेंसर होते है, लेकिन वाहनों पर गार्ड या बुल बार्स लगे होते है तो सेंसर भी उतनी तेजी के साथ काम नहीं कर पाता। क्योंकि झटका सेंसर तक नहीं पहुंच पाता। इंश्योरेंस का भी खतरा : अगर गार्ड होने की स्थिति में एयरबैग खुल भी जाए तो क्लेम अटक सकता है। क्योंकि आरटीओ से गार्ड और बुल बार्स एप्रूव नहीं है। इसके अलावा अब बैन होने के बाद से परेशानियां और भी बढ़ जाएगी।

# आपको भी है सुबह उठते ही फोन देखने की आदत, जान लें इसके नुकसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : आजकल के समय में मोबाइल हर किसी के जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका हैं। हम हर वक्त फोन का इस्तेमाल करते हैं।फोन से इतना जुड़ गए हैं कि रात को सोने से पहले और सुबह उठते ही हमें सिर्फ अपना फोन ही नजर आता है। हम सभी सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल करने लगते हैं, लेकिन क्या आपको यह पता है कि सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल करने से कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल क्यों नहीं करना चाहिए।

हाल ही में यूनाइटेड किंगडम में करीब 2000 लोगों पर एक सर्वे कराया गया। इस सर्वे में पाया गया कि जो लोग सुबह उठकर फोन का इस्तेमाल करते हैं उनके दिन की शुरुआत स्ट्रेस से होती है। जिसके कारण उन्हें अपने कार्य करने में कई दिक्कतें आती हैं। विशेषज्ञों की मानें तो , सुबह उठते ही जब हम मोबाइल में नोटिफिकेशन देखते हैं, हमारा दिमाग सिर्फ उसी विषय के बारे में सोचने लगता है। जिसके कारण हमारा दिमाग किसी दूसरे काम में नहीं लगता है। ऐसा करने से हमारे कार्यक्षमता पर भी असर पड़ता है। सुबह उठते ही जब हम किसी चीज के बारे में सोचने लगते हैं। लगातार उस विषय के बारे में सोचने से हमें तनाव और एंग्जाइटी होने लगती है। ऐसा कहा जाता है कि सुबह के वक्त कई लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ होता है।

ऐसे में ज्यादा तनाव लेने से ब्लड प्रेशर लेवल और बढ़ सकता है। इसके कारण आपको कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। सुबह उठते ही जब हम अपनी मेल या नोटिफिकेशन चेक कर रहे होते हैं। तब हम बीते दिनों की बातों को पढ़ रहे होते है। जिसके कारण हम अपने वर्तमान को भूलकर अतीत में जीने लगते हैं। इसकी वजह से आप अपना मन और दिमाग को वर्तमान में नहीं लगा पाते हैं। जिसके कारण आपके दिन की शुरुआत अच्छे ढंग से नहीं होती है।



एक्सपर्ट्स के अनुसार सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। आप सुबह उठने के बाद मेडिटेशन और योगा भी कर सकते हैं। मेडिटेशन और योग करने से आपका मन और दिमाग को शांति की प्राप्ति होगी। जिसकी वजह से आप अपने कार्य बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

# 'रील का भूत कहीं भी चढ़ सकता है



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : सोशल मीडिया पर लाइक, कमेंट और व्यूज बटोरने का कुछ लोगों को इस कदर चस्का लग चुका है कि वे मोबाइल लेकर कहीं भी नाचना और ऊटपटांग हरकतें करना शुरू कर देते हैं. इंटरनेट पर अब जो पोस्ट सामने आया है, उसे देखकर लोग कह रहे हैं कि लगता है कि दिल्ली मेट्रो के 'रीलबाजों' का इन्फेक्शन अब भारतीय रेल में भी फैल गया है. वायरल पोस्ट में एक लड़की वर्कआउट करने की निंजा टेक्निक बताती हुई नजर आ रही है. वायरल हो रहे पोस्ट में देखा जा सकता है कि जो चीजें जिम में जाकर करनी चाहिए, वो लड़की ट्रेन में कर रही है. लड़की को आप स्लीपर बोगी में अपर सीट पर पुश-अप्स लगाते हुए देख सकते हैं. पोस्ट में आप देख सकते हैं कि बगल वाली सीट पर कुछ लोग बैठे हुए हैं, पर लड़की को इससे फर्क नहीं पड़ता. यही नहीं, इसके बाद वह दो सीटों के बीच लटककर एब्स एक्सरसाइज करती हुई भी दिखाई देती है.सोशल साइट एक्स पर हैंडल से यूजर ने पोस्ट शेयर करके लिखा है, ट्रेन में आकर ही क्यों इनके भीतर का एथलीट जागता है. कुछ ही सेकंड की इस क्लिप पर अब तक हजारों व्यूज आ चुके हैं, वहीं दर्जनों लोगों ने कमेंट किया है.एक यूजर ने लिखा है, इन्हें शो ऑफ भी तो करना होता है. वहीं, दूसरे यूजर का कहना है, नाचने वाले गए तो ये कुछ नया लेकर आ गई. एक अन्य यूजर ने कमेंट किया है, ये जिम लवर नहीं बल्कि रोग ग्रस्ति लोग हैं. एक और यूजर का कहना है, रील का भूत कहीं भी चढ़ सकता है।

# इस देश में चला अजीबोगरीब ट्रेंड, लाखों रुपये खर्च कर यहां चीखने-चिल्लाने आती हैं महिलाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : गुस्से को किसी भी तरह से सही नहीं माना जाता. कहा ही जाता है कि क्रोध इंसान को खा जाता है, क्योंकि गुस्से में इंसान को होश ही नहीं रहता कि वो क्या गलत कर रहा है और क्या सही. इसीलिए लोग अपने गुस्से को कंट्रोल करने के लिए, तमाम तरह के उपाय करते रहते हैं, जिसमें योग से लेकर मेडिटेशन तक शामिल है, पर क्या आप जानते हैं कि गुस्से को शांत करने के लिए आजकल अनुष्ठान भी कराए जा रहे हैं? जी हां, अमेरिका और कई यूरोपीय देशों में 'रेज रिचुअल्स' यानी क्रोध अनुष्ठान आजकल एक नया ट्रेंड बन गया है।

ये ट्रेंड कुछ ऐसा है कि जंगल के बीच में पार्टियां होती हैं, जहां लाखों-लाखों रुपये खर्च करके महिलाएं जाती हैं और चीखती-चिल्लाती हैं, फिर अपने गुस्से को शांत करने की कोशिश



करती हैं. इतना ही नहीं, वो बीच जंगल में तोड़फोड़ भी मचाती हैं और ये सब वो तब तक करती रहती हैं जब तक कि उनका गुस्सा शांत न हो जाए. न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इन पार्टियों में जाने और क्रोध अनुष्ठान में शामिल होने के लिए महिलाएं करीब 5-6 लाख रुपये तक खर्च करती हैं।


मिया मैजिक के नाम से मशहूर एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आजकल अमेरिका में 'रेज रिचुअल्स' यानी क्रोध अनुष्ठान का आयोजन कर रही हैं, जिसमें काफी सारी महिलाएं अपना गुस्सा उतारने आती हैं. मिया मैजिक को मिया बैंड्ची के नाम से भी जाना जाता है. वह एक साइबर सिक्योरिटी इंजीनियर हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक, मिया कहती हैं, 'कुछ विशेष भावनाएं हैं, जिन्हें हम सभी को महसूस करने की जरूरत होती है. जिस तरह पुरुषों को रोने की जरूरत होती है, क्योंकि उनके लिए रोना बहुत फायदेमंद होता है, उसी तरह महिलाओं को अपना गुस्सा निकालने की जरूरत होती है। मिया बताती हैं कि पिछले कुछ सालों में उन्होंने ऐसे बहुत से समारोह आयोजित किए हैं. आने वाले अगस्त महीने में वह फ्रांस में एक समारोह का आयोजन करने वाली हैं, जिसकी लागत 6,500 डॉलर से लेकर 8,000 डॉलर तक आएगी।

# कहीं आपको भी नहीं है फूड एलर्जी, ऐसे लगा सकते हैं पता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 11 जून : आपने कई बार देखा होगा कि कई लोगों को खाने की हर चीज सूट नहीं करती। या फिर आपने खुद भी एक्सपीरियंस किया होगा कि कुछ फूड्स खाते ही दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। जैसे कई लोगों को मछली या इसी तरह का सीफूड पचता नहीं है, तो किसी के दूध या डेयरी प्रोडक्ट्स के सेवन से एक्ने की समस्या शुरू हो जाती है। हालांकि, क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर फूड एलर्जी क्यों होती है।

गुरुग्राम के सीके बिरला हॉस्पिटल में इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट, डॉ. ने बताया कि फूड एलर्जी हमारे इम्यून सिस्टम की प्रतिक्रिया होती है, जो किसी खास फूड आइटम को खाने के बाद पैदा होती हैं। एलर्जी पैदा करने वाले खाद्य पदार्थों का मामूली मात्रा में सेवन करने से भी तत्काल तरह-तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। फूड एलर्जी के लक्षण आमतौर पर बच्चों और शिशुओं में ज्यादा होते हैं, लेकिन ये किसी भी उम्र में देखे जा सकते हैं। कई बार आपको ऐसे खाद्य पदार्थों से भी एलर्जी हो सकती है, जिन्हें आप बिना किसी दिक्कत के कई सालों से खाते आ रहे हों। फूड एलर्जी के लक्षण हल्के-फुल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं।




फूड एलर्जी के सबसे सामान्य लक्षणों में शामिल हैं:मुंह में झनझनाहट या खुजली होनापित्ती उछलनाखुजलाहटहोंठों पर, चेहरे, जीभ और गले या शरीर के अन्य भागों में सूजनपेट में दर्द, डायरिया, मितली या उल्टी

## जेवरात चोरी की जांच करेगी जीआरपी

हरिद्वार। मुंबई से देहरादून आ रहे परिवार के जेवरात चोरी की जांच अब जीआरपी हरिद्वार करेगी। इसके लिए जीआरपी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। एसओ जीआरपी अनुज सिंह ने बताया कि मुंबई निवासी अमजद अली और नजीबाबाद के कलहेड़ी निवासी उसकी मां नसिमा बानो तीन मई को देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन में मुंबई से सवार हुए थे। चार मई को हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर देखा कि बैग के अंदर से सोने के दो कंगन, चेन, कान की बाली गायब थी। उन्होंने ब्रांद्रा जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मामला यहां ट्रांसफर कर दिया गया। एसओ ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## निकाय चुनाव में कांग्रेस को जीताने का काम करूंगा: वीरेंद्र रावत

हरिद्वार। हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे वीरेंद्र रावत ने कहा कि उन्होंने चुनाव में अपनी बात को जनता के समक्ष उठाया लेकिन दुर्भाग्यवश सफलता नहीं मिल पाई। उन्होंने भाजपा के प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत को जीत की बधाई दी। कहा कि जीत हार का फैसला तो जनता ही करती है, लेकिन वो क्षेत्र की जनता के मुद्दों से पीछे नहीं हटेंगे।उन्होंने पत्रकारों से वार्ता में अपने घोषणा पत्र की चर्चा कर कहा कि 72 सूत्रीय मांगों के एजेंडे को केंद्र और राज्य सरकार के समक्ष रखा जाएगा। कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव में लगातार सक्रिय रहकर कांग्रेस को खड़ा करने का काम करेंगे। इसके लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, बूथ कार्यकर्ता कांग्रेस को जिताने का कार्य करेंगे।

## लो प्रेशर और गंदे पानी को लेकर अधिकारियों को घेरा

हरिद्वार। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्तरी हरिद्वार में पानी की अनियमित आपूर्ति और दूषित पानी आने से नाराज होकर जल संस्थान कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता यशवीर सिंह मल्ल से मिलकर शहर की पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। सोमवार को क्षेत्र के कई इलाकों में दूषित पानी आया। इसके बाद भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी के साथ कई लोग पंतद्वीप में जल संस्थान के कार्यालय में पहुंच गए। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता को बताया कि दुर्गानगर, मुखिया गली, आदर्श नगर, शेर गली, कैलाश गली, पावन धाम मार्ग, खड़खड़ी, बसन्त गली, इन्द्रा बस्ती, कोरा देवी कॉलोनी, नई बस्ती, भीमगोड़ा, ब्रह्मपुरी, अपर रोड, काशीपुरा, बिल्वकेश्वर मार्ग, श्रवणनाथ नगर, मंशा देवी मार्ग के क्षेत्रवासी पानी की अनियमित आपूर्ति से परेशान हैं।

# संपादकीय

## अहमियत के दरवाजे

भारत में भविष्य और भविष्य में भारत देख रही भाजपा का सत्ता में लौटना जैसे ही 'एनडीए' हो गया, मंत्रिमंडल के कुनबे में कुछ चेहरे छंट गए। पांचवीं बार के सांसद और भाजपा की अग्रिम पंक्ति के युवा नेता अनुराग ठाकुर का पहली सूची में मंत्रिमंडल का सदस्य न बनना हिमाचल को हैरान करता है, हालांकि प्रदेश के ही जगत प्रकाश नड्डा अपनी अहमियत के दरवाजे पुनः मोदी मंत्रिमंडल में खोल चुके हैं। सवाल यहां उस अंक गणित का है जिसके तहत जनता ने चारों सीटें यानी सौ फीसदी जीत भाजपा के नाम इसलिए कर दी ताकि प्रदेश का रुतबा केंद्रीय सरकार में बढ़े। क्या यह अनुराग को सबक या नड्डा का फलक है या भाजपा के संगठन में ठाकुर की किश्ती तैर रही है। जो भी हो, बतौर सांसद व मंत्री अनुराग ठाकुर की उपलब्धियां निजी व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए श्रेष्ठ ही रही हैं। एक वही ऐसे सांसद हिमाचल के इतिहास में सामने आए जिन्होंने केंद्रीय प्रभाव से अपने विकास के मजमून सुदृढ़ कर दिए। खास तौर पर ऊना रेल परियोजना के मार्फत दौड़ रहीं दर्जन भर ट्रेनें, एम्स, हमीरपुर मेडिकल कालेज, ऊना में पीजीआई सेटेलाइट सेंटर, हमीरपुर में खेल परिसर, स्वां तटीकरण व बिलासपुर में हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना में उनकी खास भूमिका रही है। यह दीगर है कि वह हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के ही मंत्री साबित हुए, वरना बतौर खेल मंत्री पूरा हिमाचली अपनी आबोहवा के बूते खेल राज्य बनने के तौर तरीके व वांछित ढांचा सुदृढ़ कर लेता। यहां कई ऐसे सियासी मंजर भी सामने आते हैं जहां हिमाचल की आंतरिक स्थिति केंद्रीय पदों के आबंटन में उलझती है। यह इसलिए भी कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का लंबा कार्यकाल व गुजरात के कोटे से राज्यसभा पहुंच कर जगत प्रकाश नड्डा कुछ उनके सांसद हो गए हैं, तो माना यह जा रहा है कि वह भाजपा के राष्ट्रीय महत्त्व के धूमकेतु हैं और रहेंगे। बतौर स्वास्थ्य मंत्री बिलासपुर एम्स निर्माण में उनके नाम की चर्चा हमेशा होगी, लेकिन बतौर मंत्री समूचे प्रदेश के लिए उनके योगदान में भी भारी कमी रही है। हिमाचल में भाजपा सियासत को पढ़ने के लिए केंद्र की नजदीकियां तथा ओहदे खास महत्त्व रखते हैं। जब केंद्र में अनुराग के मंत्री पदों का आरोहण हो रहा था, तो जगत प्रकाश नड्डा के आभामंडल में पूरा कमल खिल रहा था। इन दो ध्रुवों के बीच सियासी प्रश्रय की सत्ता जिस शख्स के नाम हुई, वह जयराम ठाकुर इस दौरान हिमाचल के कर्ताधर्ता बने और मौजूदा चुनाव आते-आते खूब फूले फले। अंततः नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनके पद और विपक्ष के मोर्चे पर पार्टी ने राज्यसभा में एक तथा लोकसभा में चार सांसद बढ़ाए हैं। इतना ही नहीं, विधानसभा में दो विधायक भी बढ़ रहे हैं, जबकि उपचुनावों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस की जीत का तिलक अनुराग ठाकुर के लिए अब सीधा गणित नहीं है। पार्टी अपने संसदीय क्षेत्र में मोदी के नाम पर स्पष्टता से एक सीट जीत रही है, तो वही मतदाता उपचुनाव में दूसरी सलेट पर किस हिसाब से विधानसभा में कांग्रेस के पक्ष में जज्बात उंडेल रहा है। यह कैसा 'एकमत' जो केंद्र में मोदी को प्रधानमंत्री तो हिमाचल में कांग्रेस के मुख्यमंत्री के नाम हो रहा है। बहरहाल अभी समझौते का मंत्रिमंडल, एनडीए का मंत्रिमंडल है, लिहाजा घटक दलों की हिस्सेदारी फल फूल रही है। इस मुकाम पर जो नजर आ रहा है वह स्थायी नहीं, कल ऊंट फिर करवट बदलेंगे तो बात समझ आएगी।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# संक्षिप्त खबरें

## गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस राहगीरों को ठंडा शरबत बांटा

हरिद्वार। सिख समाज के पांचवें गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस छबील लगाकर सोमवार को राहगीरों को ठंडा शरबत बांटा गया। कनखल के निर्मल संतपुरा आश्रम गुरुद्वारे के बाहर संत जगजीत सिंह शास्त्री ने राहगीरों को चने का प्रसाद और ठंडा शरबत बांटा। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देव के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनकी याद में प्रत्येक वर्ष छबील लगाकर ठंडा शरबत बांटा जाता है। उन्होंने कहा कि सिख समाज सदैव सेवा भाव से कार्य करता है। निर्मल विरक्त कुटिया गुरुद्वारे की ओर से प्रेमनगर चौक पर ठंडा शरबत बांटा गया। इस अवसर पर बाबा पंडत ने कहा कि चारधाम यात्रा चरम पर है। तपती गर्मी और लू में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ठंडा शरबत पीकर उन्हें गर्मी से राहत मिल रही है।

## निर्माणाधीन मकान की सील तोड़कर लगाया ताला

हरिद्वार। एक फाइनेंस कंपनी की सील तोड़कर एक व्यक्ति ने निर्माणाधीन मकान पर कब्जा कर लिया। फाइनेंस कंपनी ने सिडकुल थाने में शिकायत दर्ज कराई है। गृह हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के कानूनी प्रतिनिधि अधिवक्ता बिभास कुमार राय ने सिडकुल पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि सरजीत निवासी लक्ष्मी नगर ने कंपनी से लोन लिया था लेकिन किश्त अदा नहीं की। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर निर्माणाधीन मकान को बीते 22 दिसंबर को जिला प्रशासन ने सील कर दिया था। आरोप है कि आठ मई को बैंक कर्मचारियों ने जब संपत्ति का निरीक्षण किया तो सामने आया कि सील टूटी हुई थी और उस पर ताला लगा हुआ था। कंपनी ने अपना ताला लगा दिया था लेकिन फिर 13 मई को फिर से ताला टूआ हुआ मिला। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## टप्पेबाजी की योजना बना रहे चार धरे

हरिद्वार। गंगा घाट पर टप्पेबाजी की योजना बना रहे चार लोगों को हरकी पैड़ी चौकी पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से ब्लेड कटर बरामद हुए हैं। हरकी पैड़ी चौकी प्रभारी संजीव चौहान ने बताया कि रेलवे सुरंग के पास चार लोगों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने मिंटू निवासी प्रकाश विहार थाना करावल नगर दिल्ली, दीपक निवासी गली नंबर 7 गैस प्लांट थाना भगवानपुर, रजनीश निवासी रविदास मंदिर के पास ग्राम खानपुर और भरत निवासी चामुंडा देवी थाना कात्योनगल जिला अमृतसर बताया। बताया कि सभी का संबंधित धारा में चालान कर दिया।

## पशु कटान की तैयारी में जुटे आरोपी को दबोचा

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि सुमननगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने पशु कटान की सूचना पर गढ़ गांव में छापा मारा। बाग से पशु को कटान की तैयारी कर रहे एक आरोपी बाला निवासी ग्राम गढ़ को धर हबोचा। बताया कि एक पशु के अलावा कटान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद हुए। बताया कि फरार आरोपी आजम, शोएब, सोहेल की तलाश में पुलिस जुटी है।

## प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के बाद की गंगा पूजा

हरिद्वार। तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शपथ लेने के बाद बगलामुखी उपासक अमर बालक शास्त्री ने मां गंगा की पूजा और दुग्धाभिषेक कर मिष्ठान बांटा। प्रधानमंत्री के शपथ लेने के बाद सोमवार को मां बगलामुखी शिव शक्ति पीठ दिल्ली के पीठाधीश्वर अमर बालक ने व्यापारियों के साथ मिलकर मिष्ठान बांटा। अमर बालक पिछले पांच दिन से हरिद्वार में दिन और रात की पूजा कर रहे थे, ताकि प्रधानमंत्री पद के रूप में नरेंद्र मोदी शपथ लें। निर्विघ्न शपथ लेने के बाद पीठाधीश्वर का संकल्प पूर्ण हुआ। अमर बालक ने कहा कि भारत को ऐसे ही प्रधानमंत्री की जरूरत है जिसमें कठोर निर्णय लेने की क्षमता हो। 370 को हटाना असंभव था, वो भी मोदी ने कर दिखाया, विपक्ष हताश है मोदी को हटाना चाहता था पर सफल ना हो सका।

## आकाश एजुकेशन के आठ छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक हासिल कर क्वालीफाई किया

हरिद्वार। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के आठ छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2024 में ऑल इंडिया रैंक हासिल कर क्वालीफाई किया है। आईआईटी मद्रास ने रविवार को परिणाम जारी किए। संस्था के रीजनल डायरेक्टर डॉ. एचआर राव ने बताया कि ऑल इंडिया में राघव अग्रवाल ने एआईआर 153, सात्विक मित्तल ने एआईआर 3768, आशीष पांडेय ने एआईआर 6204, शिवांश सिंह ने एआईआर 7256 वीं रैंक हासिल की है। कुल आठ छात्रों ने जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया।

## अनुशासन जीवन की सही दिशा तय करता है

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री ने कहा कि अनुशासन जीवन की सही दिशा तय करता है।। संस्कारवान युवा ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने में सहायक होते हैं। कुलपति प्रो. शास्त्री आर्य समाज सेक्टर-एक बीएचईएल में चल रहे वैदिक संस्कार एवं चरित्र निर्माण आवासीय शिविर के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी ने शिविर में जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है। निश्चय ही जीवन में इससे जहां आत्मविश्वास पैदा होगा और नई ऊर्जा का संचार होगा। आने वाले समय में आप सभी को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देकर देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करना है।

## महिला के गले से सोने की चेन झपटी, आरोपी हुए फरार

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में घर लौट रही महिला के गले से बाइक सवार युवकों ने सोने की चेन झपट ली गई। पुलिस ने सोमवार को घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। मोहल्ला चाकलान निवासी प्रियंका अपने पिता के साथ रविवार शाम को स्कूटर से घर वापस लौट रही थी। दुर्गा चौक के पास पीछे से तेजी में आए बाइक सवार दो युवकों में से एक ने गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़ दी। महिला जब तक कुछ समझ पाती तब तक आरोपी चेन लेकर मौके से फरार हो गए। दोनों ने शोर मचाया तो लोगों ने आरोपियों का पीछा भी करना चाहा लेकिन वह फरार हो गए।

## धर्मनगरी में रन फॉर योग कार्यक्रम में दौड़े लोग

हरिद्वार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की काउंटडाउन श्रृंखला में ऋषिकुल फार्मेसी परिसर से ऑनलाइन योग गोष्ठी हुई। इस दौरान ऋषिकुल फार्मेसी परिसर से अमरापुर घाट तक रन फॉर योग रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेद विवि के कुलपति प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी ने सरकार की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।

# उत्तराखंड : राशन कार्ड धारकों को सरकार की सौगात, मुफ्त मिलेगा आयोडीन युक्त नमक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 11 जून : मुफ्त अन्न योजना के अंतर्गत राशनकार्ड धारकों को चावल और गेहूं के साथ एक किलो नमक भी दिया जाएगा। इस योजना का शुभारंभ जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के द्वारा किया जाएगा। आचार संहिता के चलते योजना शुरू नहीं हो पाई थी।

राज्य सरकार समय-समय पर प्रदेश के राशन कार्ड धारकों के लिए योजनाएं चलाती रहती है। इनमें से एक योजना है मुफ्त अन्न योजना जिसमें राशन कार्ड धारकों को गेहूं और चावल दिया जाता है। लेकिन सरकार इसमें एक किलो नमक भी देने जा रही है, इस योजना के तहत राशन कार्ड धारकों को बहुत कम दामों पर आयोडीन युक्त नमक दिया जाएगा। योजना के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करते हुए, विभागीय मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि खाद्य विभाग गरीब राशन कार्ड धारकों के लिए संजीवनी का काम कर रहा है। इसके अंतर्गत कार्ड धारकों को उच्च क्वालिटी की गेहूं और चावल प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा खाद्य विभाग अब फोर्टिफाइड चावल के साथ आयोडीन युक्त नमक भी देने का निर्णय लिया है।

राशन कार्ड धारकों को एक किलो आयोडीन युक्त नमक देने की पहल उत्तराखंड सरकार ने पिछले साल की थी और इस संबंध में 22 मई 2024 को आदेश भी जारी किया गया है। हालांकि आदर्श आचार संहिता के पालन करने के कारण यह योजना शुरू नहीं हो पाई थी। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह आयोडीन युक्त नमक गरीब परिवारों को कुपोषण से लड़ने में सहायक होगा। इसका शासनादेश जारी कर दिया गया है और जल्द ही सीएम धामी जी से समय लेकर इस योजना का शुभारंभ कर दिया जाएगा।

# उत्तराखंड : आम आदमी की जेब पर बढ़ा भार, इन चार जिलों में आंचल दूध हुआ महंगा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




नैनीताल 11 जून : उपभोक्ताओं की सबसे अधिक मांग वाले आंचल दूध की दरों में 10 जून से प्रति लीटर ₹2 की वृद्धि की गई है। इस साल पहले भी दूध के दामों में बढ़ोतरी हुई थी। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, हरिद्वार और नैनीताल इन चार जिलों में आंचल दूध के दाम बढ़ाए गए हैं, अन्य जिलों में दूध के दाम पूर्व की भांति रहेंगे।दूध के दामों में वृद्धि के कारण एक बार फिर से उपभोक्ताओं को महंगाई का सामना करना पड़ेगा।

देखने में आया है कि उत्तराखंड सरकार के अपने ब्रांड आंचल दूध की पूरे प्रदेश में अधिक मांग है। सहकारी समितियों की ओर से लंबे समय से बाजार में तरल पैक्ड दूध की कीमत बढ़ाने की मांग की जा रही थी। अमूल के बाद उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन ने चार जिलों में आंचल दूध की कीमत में एक से दो रुपये की वृद्धि की गई है।ऊधमसिंह नगर जिले में स्टैंडर्ड मिल्क 1000 एमएल की कीमत 57 रुपये से 58 रुपये, स्टैंडर्ड मिल्क 500 एमएल की कीमत 29 रुपये की बजाय 30 रुपये, और टोंड मिल्क 400 एमएल की कीमत 27 रुपये से बढ़कर 28 रुपये की गई। नैनीताल जिले में स्टैंडर्ड मिल्क 1000 एमएल की कीमत 55 रुपये से बढ़ाकर 57 रुपये, जबकि स्टैंडर्ड मिल्क 500 एमएल के दाम 28 रुपये से बढ़ाकर 29 रुपये, और गाय का दूध 500 एमएल की कीमत 27 रुपये से बढ़कर 28 रुपये की गई। अल्मोड़ा जिले में टौंड मिल्क 400 एमएल में एक रुपये की बढ़ोतरी कर 23 रुपये किया गया। हरिद्वार में डबल टौंड मिल्क 500 एमएल की कीमत 24 रुपये से बढ़ाकर 25 रुपये कर दी गई है।

## जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की मांग

अल्मोड़ा। संसाधन पंचायत संगठन ने बिनसर अभ्यारण्य से प्रभावित गांवों में जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। सोमवार को डोटियाल गांव, भेटुली, सुनौली व कुमसाऊ गांव के संगठन से जुड़े ग्रामीणों ने रेंज कार्यालय बिनसर गेट पहुंचकर वन क्षेत्र अधिकारी मनोज सनवाल को समस्याओं से अवगत कराया तथा उन्हें प्रमुख वन संरक्षक तथा प्रभागीय वन अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव उत्तराखंड को संबोधित ज्ञापन में बिनसर में दिखाई दे रहे टाइगर को पकड़ने की मांग की गई है, जबकि प्रभागीय वन अधिकारी को संबोधित ज्ञापन में सुअरों व बंदरों से फसल सुरक्षा के साथ ही गांव में स्वच्छंद घूम रहे तेंदुओं को पकड़ने हेतु पिंजरा लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा है कि बिनसर में बाघ की मौजूदगी की खबरों से ग्रामीण दहशत में है। अभयारण्य प्रशासन का मानना है कि संभवतया यह बाघ कार्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर से भटक कर यहां पहुंचा है, जबकि ग्रामीण इस बात को मानने को तैयार नहीं हैं, उन्हें आशंका है कि यह बाघ बाहर से लाकर यहां छोड़ा गया है। ग्रामीणों कहना है कि जंगल में बाघ के आगमन के चलते तेंदुए आबादी की तरफ आ रहे हैं, इससे ग्रामीण भय के साए में जीने को विवश हैं। बच्चों का विद्यालय जाना कठिन हो रहा है, महिलाएं खेत व जंगल से चारा लाने में स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। यहाँ ज्ञापन देने वालों में संसाधन पंचायत से जुड़े रेखा नगरकोटी, तारा नगरकोटी, ईश्वर जोशी, गोविंदी देवी, प्रेमा देवी, देवकी देवी, रेवती देवी, सीमा देवी, नीमा, पुष्पा, पूरन सिह, हेमंत कुमार, चंदन सिंह, रमा देवी, हंसी, गीता, बसंती देवी, ममता देवी, लता रौतेला आदि उपस्थित रहे।

## माँ दुर्गा की महिमा के गुणगान से पूर्ण होते हैं मनोरथ

अल्मोड़ा। मां भगवती मंदिर परिसर विमलकोट में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म की गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के आयोजन से धौलछीना क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। कथा के चौथे दिन रविवार को कथावाचक पंडित मनोज पांडे ने देवी भगवती की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जो मनुष्य अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर भगवती दुर्गा की महिमा का गुणगान करता है उसके सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। कहा कि जब-जब असुरों ने देवताओं पर अत्याचार किया तब तब मां भगवती ने अलग-अलग रूप धारण कर देवताओं की सहायता की। उन्होंने कहा कि मां भगवती पर विश्वास है तो असंभव भी संभव हो जाता है। मां से यदि कुछ मांगना है तो उसके सामने एक छोटे से बालक बनकर ही मांगना चाहिए। भागवत कथा के बीच में सुमधुर भजनों से मंदिर का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रविवार को कथा सुनने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा ने जीता एथिक्स बाउल प्रतियोगिता

अल्मोड़ा। आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा ने भारतीय सेना की नॉर्थ कमांड से संबंधित आर्मी वाइव्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित एथिक्स बाउल कॉम्पिटिशन 2024 जीत लिया है। यह प्रतियोगिता आर्मी पब्लिक स्कूल उधमपुर में वर्चुअल माध्यम से 03 जून से 10 जून तक आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा सहित आठ अन्य आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आर्मी पब्लिक स्कूल श्रीनगर के प्रतिभागियों से श्रेष्ठ प्रदर्शन कर आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा की 06 सदस्यीय टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया जिसमें विद्यालय के बारहवीं के राघव पांडे, चितवन पाण्डे, मनीष कांडपाल तथा वैष्णवी जोशी तथा कक्षा 11 के अनन्या, गौतम व गर्व पाण्डे ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।

एथिक्स बाउल प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के भीतर नैतिक मुद्दों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सहयोगात्मक तर्क-वितर्क और चर्चा द्वारा सर्वोत्तम उपाय तक पहुंचने का गुण विकसित करने का प्रयास किया जाता है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य सुशील जोशी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया।

## संक्षिप्त खबरें

### विवेकानन्द विचार मंच ने रवाना की सहायता सामग्री

हरिद्वार। विवेकानंद विचार मंच की ओर से शिवालिक नगर में आयोजित कार्यक्रम के बाद अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से सम्बद्ध सेवा संकल्प संस्थान, रुद्रपुर के लिए राशन भेजा। इस मौके पर मुख्य दानदाता संजीव गुप्ता, रंजीत सिंह, भेल के नगर प्रशासक संजय पंवार, संजीव गुप्ता, डॉ. राधिका नागरथ, जेसी क्वात्रा, शशिपाल भनोट, बृजेश रस्तोगी, एके रस्तोगी, देवेश वशिष्ठ, अशोक मेहता, एके सनाढ्या, चेतना पथ के अरुण कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

### पूर्व दर्जामंत्री कर्नाटक ने तलाड़ में लगाई जनता की चौपाल

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा विधानसभा के खासपर्जा क्षेत्र के तलाड़ ग्राम सभा में पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक द्वारा एक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। चौपाल में मुख्य रूप से ग्रामीणों की समस्याएं सुनने तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्काल प्रभाव पर मौके से ही संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से संपर्क कर यथा सीध्र समस्याओं के समाधान के लिए कहा गया। ग्रामीणों की मांग पर मुख्य रूप से तलाड़ बेतालेश्वर मोटर मार्ग के सुधारीकरण के लिए अधिशासी अभियंता सुनील कुमार तथा पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए अधिशासी अभियंता जल संस्थान, हर घर जल योजना के लिए अधिशासी अभियंता जल निगम एवं विधवा, विकलांग वृद्धावस्था पेंशन तथा छात्रवृत्ति हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी से वार्ता कर स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्य रूप से युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा उनको प्रोत्साहित करने के लिए बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट किट के साथ-साथ महिलाओं द्वारा स्वयं सहायता समूह बनाकर सिलाई मशीन की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की गई। जिसके क्रम में कर्नाटक ने तत्काल उक्त सामग्री की व्यवस्था करने की बात कही। कर्नाटक ने बताया कि इन चौपालों का एकमात्र उद्देश्य अल्मोड़ा विधानसभा के नगरीय क्षेत्र, खासपर्जा एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच कर लोगों की समस्याएं जानना और उनका यथासंभव निदान करना है। उन्होंने कहा कि जनता की चौपाल कार्यक्रम अब लगातार किए जाएंगे तथा लगातार विधानसभा के हर क्षेत्र में पहुंचकर जनता की परेशानियों को जानकर उनका समाधान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम में देवेंद्र कर्नाटक, अशोक सिंह, सुधीर कुमार, हसन अली, हेम जोशी, दिनेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, सतीश लाल, सूरज चन्द्र, अजय आर्य, विनोद कुमार, चन्द्र कला, माया देवी, अंकुर चन्द्र, सपना आर्य सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा के बाड़ी गांव के वीरेश्वर बने भारतीय सेना में अफसर

अल्मोड़ा। जनपद के द्वाराहाट ब्लाक अंतर्गत ग्राम बाड़ी के मूल निवासी वीरेश्वर गोस्वामी ने अपने गांव समेत पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। गत शनिवार को आईएमए देहरादून से पास आउट कर लिया है और मेहनत, लगन व देश सेवा के जज्बे के चलते सफलता प्राप्त कर वह भारतीय सेना में अफसर बने हैं। वीरेश्वर के पिता प्रमोद गोस्वामी अल्मोड़ा कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं जबकि उनकी माता सरस्वती गोस्वामी विकासखंड हवालबाग के राजकीय प्राथमिक विद्यालय वल्सा में प्रधानाध्यापिका हैं। वीरेश्वर मूल रूप से अल्मोड़ा जनपद के बग्वालीपोखर क्षेत्र के ग्राम बाड़ी के निवासी हैं और वर्तमान में पांडेखोला अल्मोड़ा में रहते हैं। वीरेश्वर के बड़े भाई अनिरुद्ध गोस्वामी मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत हैं। वीरेश्वर गोस्वामी बचपन से ही मेधावी रहे हैं। उन्होंने आठवीं तक की शिक्षाा आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत से ली, जबकि इसके बाद इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में की और ग्राफिक एरा देहरादून से अंग्रेजी विषय के साथ बीए आनर्स किया। स्नातक में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर यूनिवर्सिटी में कांस्य पदक जीता। मेहनत व लगन के साथ वीरेश्वर का 18 महीने पूर्व सीडीएस में चयन हुआ। उनकी अखिल भारतीय स्तर पर 11वीं रैंक रही। उन्होंने जनवरी 2023 में आईएमए देहरादून में ज्वाइन किया और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर पास आउट हो गए हैं। वह सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं और उन्हें 5 आसाम रेजीमेंट मिला है। उनकी इस उपलब्धि से उनके माता-पिता बेहद गदगद हैं और क्षेत्र के लोगों समेत तमाम चित-परिचितों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

### स्माईल टीम ने परिजनों से बिछड़े बालक को परिजनों से मिलाया

अल्मोड़ा। ऑपरेशन स्माईल टीम व अल्मोड़ा पुलिस ने अपने परिजनों से बिछड़कर भटक रहे बालक को उसके परिजनों से मिलाया। कोतवाली अल्मोड़ा की गश्त कर रही पुलिस टीम को ड्यूटी के दौरान चम्पानौला, जाखनदेवी के पास एक बालक रोते हुए घूमता मिला। पुलिस द्वारा बालक से उसके परिजनों के बारे में पूछा गया तो नहीं बता पाया, पुलिस टीम ने सुरक्षा की दृष्टिगत बालक को कोतवाली अल्मोड़ा पर रखा और ऑपरेशन स्माईल टीम को इसके बारे में जानकारी दी। ऑपरेशन स्माईल टीम और चाइल्ड हेल्प लाईन अल्मोड़ा को साथ लेकर काफी प्रयास करने के बाद बालक द्वारा अपने परिजनों के संबंध में जानकारी दी गई। बालक के द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर बिहार निवासी व्यक्तियों से पूछताछ की गई, तो काफी प्रयास करने के बाद बालक के भाई से संपर्क हुआ। स्माइल टीम द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन की मौजूदगी में उक्त नाबालिक बालक निवासी ग्राम पुराहा थाना साठी पश्चिम चंपारण बिहार को उसके बड़े भाई प्रमोद पासवान पुत्र धुरंधर पासवान निवासी ग्राम पुराहा थाना साठी पश्चिम चम्पारण, बिहार के सुपुर्द किया।